Regarding request to complete the pending construction work of NH 8 and 48

श्री दीपसिंह शंकरसिंह राठौड़ **(साबरकांठा):** माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से परिवहन मंत्री जी का एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 तथा 48 को वर्ष 2018 में मंजूरी मिली थी और उसी वर्ष से सड़क कार्य शुरू हो गया था। उस समय उदयपुर से अहमदाबाद तक का कॉन्ट्रैक्ट मंजूर हुआ था। बाद में उदयपुर से शामलाजी तक काम हो गया था। शामलाजी से चिलोड़ा तक सड़क का काम ठेकेदार को सौंपा गया था। लेकिन 6 सालों के बावजूद भी यह काम अभी तक पूरा नहीं हुआ है। उसके साथ उदयपुर से शामलाजी रोड का कार्य पूरा हो गया था, लेकिन अहमदाबाद का कार्य चार सालों से अधूरा है।

मैंने उस विषय पर बार-बार बात भी की थी, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। अभी उसके चार ओवरब्रिज बाकी हैं, साइड रोड बाकी है तथा रेलवे ओवरब्रिज भी बाकी हैं। इसके बावजूद भी ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मेरी आपके माध्यम से दरख्वास्त है कि ठेकेदार की शिकायत की जाए और उससे जल्दी से जल्दी यह काम पूरा करवाया जाए।